सबसे सस्ता......................सबसे अच्छा ....

प्रधानमंत्री आवास योजना (AHP) अंतर्गत उज्जैन शहर में कानीपुरा क्षेत्र में उच्च क्वालिटी के ई.डब्ल्यू.एस. आवास पाने का सुनहरा अवसर शहर वासियों के लिये

उज्जैन नगर पालिक निगम की विशेष पहल

कार्यालय नगर पालिक निगम, उज्जैन

आमंत्रण



क्रमांकः पी.एम.ए.वाय. / ए.एच.पी. / 2023 / 230 **उज्जैन / दिनांकः** 04/04/23

प्रधानमंत्री आवास योजना के भागीदारी में किफायती आवास (AHP) घटक के तहत **कानीपुरा क्षेत्र** में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) श्रेणी के **दिव्यांग श्रेणी** के शेष आवासीय इकाइयों हेतु उज्जैन नगरीय क्षेत्र के **स्लम केटेगरी** के इच्छुक नागरिकों से पंजीयन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र की जाँच के उपरान्त आवासीय इकाई का आवंटन योजना दिशा निर्देश अनुसार **"लाटरी"** के माध्यम से किया जावेगा।

इकाई के प्रकार / संख्या	निर्मित क्षेत्र (वर्ग मीटर)	कुल देय मुल्य	पंजीयन राशि 10 प्रतिशत
आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) **शेष 03** आवासीय इकाई हेतु **(दिव्यांग श्रेणी)**	40.27	रू. 2.00 लाख	रू. 20,000 / —

भवन आवंटन हेतु शर्तें निम्नानुसार निर्धारित हैः—

(1) आवासीय इकाइयों का आवंटन आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के दिव्यांग श्रेणी के ऐसे हितग्रहियों को किया जाना है जिनकी वार्षिक आय रूपये 3,00,000 / — (तीन लाख रूपये) से कम है तथा उनके स्वयं के नाम से एवं परिवार के सदस्यों के नाम से भारत में कहीं कोई पक्का मकान नहीं है।

(2) आवेदन फार्म(निःशुल्क) प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यालय, 42, क्षपणक मार्ग, दशहरा मैदान, फ्रीगंज उज्जैन से कार्यालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सांय 5.30 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।

(3) पूर्ण भरा हुए आवेदन, आवश्यक दस्तावेज **(दिव्यांगता संबंधी मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण, आवासहीन होने का स्वप्रमाणित शपथ पत्र, किरायेदारी प्रमाण (शपथ पत्र), सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र, पति—पत्नी दोनों के 2—2 फोटो, पति—पत्नि का आधार कार्ड, वोटर आई.डी., पति—पत्नि का पेन कार्ड, नोटरी किया हुआ शपथ पत्र (आवेदन पत्र अनुसार) एवं 10 प्रतिशत बुकिंग राशि रू. 20,000 / — के डी.डी. (जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम, उज्जैन के पक्ष में देय हो)** सहित **दिनांक 05.05.2023 सांय 5.30 बजे** तक प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यालय, 42 क्षपणक मार्ग, दशहरा मैदान, फ्रीगंज उज्जैन पर स्वीकार किये जावेंगे।

(4) विस्तृत विवरण नगर निगम वेबसाईट nagarnigamujjain.org उज्जैन पर देखा जा सकता है।

(5) उपरोक्त ई.डब्ल्यू.एस. आवासीय इकाईयों की साईट विजिट हेतु उपयंत्री श्री निर्झर शुक्ला मो.नं. 7000375599 एवं मे. मेहता एण्ड एसोसिएट्स के सीनियर इंजीनियर श्री कमल राजश्री मो.नं. 9131063145 पर संपर्क किया जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
प्रधानमंत्री आवास योजना
नगर पालिक निगम उज्जैन

प्रतिलिपिः क्रमांकः पी.एम.ए.वाय. / ए.एच.पी. / 2023 /
उज्जैन / दिनांकः

1. माननीय महापौर महोदय, नगर पालिक निगम, उज्जैन की ओर सूचनार्थ।
2. माननीय अध्यक्ष महोदया, नगर पालिक निगम, उज्जैन की ओर सूचनार्थ।
3. आयुक्त, नगर पालिक निगम उज्जैन की ओर सूचनार्थ।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम, उज्जैन की ओर भेजकर लेख है कि उक्त संलग्न विज्ञप्ति का प्रकाशन अक्षर विश्व, दैनिक भास्कर, पत्रिका, (उज्जैन संस्करण) समाचार पत्रों में करने की व्यवस्था करें।
5. प्रभारी आई.टी., नगर पालिक निगम उज्जैन की ओर भेजकर लेख है कि शासन से प्राप्त दिशानिर्देश, विज्ञप्ति के संबंध में समस्त जानकारी तथा निर्माणाधीन आवासीय इकाईयों के प्लॅान / छायाचित्र आदि नगर पालिक निगम उज्जैन की वेबसाईट तथा सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रदर्शित करने हेतु पालनार्थ। (वांछित जानकारी संलग्न प्रेषित)
6. प्रभारी, पूछताछ काउंटर, निगम मुख्यालय नगर पालिक निगम उज्जैन की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. निगम मुख्यालय व समस्त झोन कार्यालयों के नोटिस बोर्ड / कार्यालय नगर पालिक निगम, उज्जैन पर चस्पा हेतु।

—Sd—

कार्यपालन यंत्री
प्रधानमंत्री आवास योजना
नगर पालिक निगम उज्जैन